ई0–मेल :– eecdpratapgarh@rediffmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

म0नं0– 596, वार्ड नं0–05,रामजीपुरम्,देवकली करनपुर, सरोज तिराहा, रूपापुर रोड, प्रतापगढ़–230001

पत्रांकः– / / दिनांकः–

सेवा में,

जिला विकास अधिकारी,
प्रतापगढ़।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र भाष्कर में दिनांक 07.07.2026 को प्रकाशित शीर्षक "निर्माणाधीन पानी टंकी का मचान गिरा, मजदूर घायल" (प्रतापगढ़ के बाघराय में जल जीवन मिशन की टंकी पर हादसा), की आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र भाष्कर के माध्यम से प्राप्त दिनांक 07.07.2026 को प्रकाशित शीर्षक "निर्माणाधीन पानी टंकी का मचान गिरा, मजदूर घायल" (प्रतापगढ़ के बाघराय में जल जीवन मिशन की टंकी पर हादसा), के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपिः–

1– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, प्रतापगढ़।
2– जिला सूचना अधिकारी, प्रतापगढ़।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रतापगढ़।

| विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का विवरण एवं अद्यतन आख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
| 1 | प्रतापगढ़ | दैनिक भाष्कर समाचार पत्र एवं दिनांक– 07.07.2026 | निर्माणाधीन पानी की टंकी का मचान गिरा, मजदूर घायल। (प्रतापगढ़ के बाघराय में जल जीवन मिशन की टंकी पर हादसा।) | जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड– बिहार के ग्राम बारों पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 द्वारा कराया जा रहा है। उक्त पेयजल योजना वर्तमान में निर्माणाधीन है। उक्त पेयजल योजना पर दिनांक 07.07.2026 दिन मंगलवार को शिरोपरि जलाशय के सटरिंग (बॉस–बल्ली) को हटाने का कार्य चल रहा था, उसी समय 2 राहगीर रास्ते से गुजर रहे थे तथा राहगीरों को रोकने के लिये बेरीगेटिंग भी लगाया गया था, परन्तु राहगीर रोकने के उपरान्त भी नहीं माने जिससे उनके ऊपर बॉस–बल्ली गिर जाने से उनको मामूली चोटें आयी है, खण्ड कार्यालय के अवर अभियन्ता श्री राकेश यादव व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनका उपचार भी करा दिया गया है, घायलों में धारूपुर निवासी पूनम देवी (52) पत्नी सदाशिव ओर आलोक कुमार (30) जिनको मामूली चोटे आयी है, जिनका उपचार कराकर उन्हे घर पहुँचा दिया गया है, जिससे वे संतुष्ट है। | – |

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# निर्माणाधीन पानी टंकी का मचान गिरा, मजदूर घायल: प्रतापगढ़ के बाघराय में जल जीवन मिशन की टंकी पर हादसा



ज़्यादा जानें

अंकुश कुमार यादव | बिहार (प्रतापगढ़), प्रतापगढ़ 22 घंटे पहले



ऐप खोलें

Scanned with OKEN Scanner

3:50

दैनिक भास्कर

+Follow us



यह घटना तब हुई जब टंकी में लगे बांस के मचान को खोला जा रहा था। अचानक पूरा ढांचा भरभराकर नीचे गिर गया, जिससे मौके पर काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए।

घायलों में धारुपुर निवासी पूनम देवी (52) पत्नी सदाशिव और आलोक कुमार (30) सहित अन्य मजदूर शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

घटना के संबंध में राकेश यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही घायलों का इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि हादसे में सभी मजदूरों को हल्की चोटें आई हैं और किसी के भी गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है।

घटना के बाद कुछ समय के लिए निर्माण स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था

ऐप खोलें

Scanned with OKEN Scanner